मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल

मतदान सामग्री वितरण एवं प्राप्ति व्यवस्था में नवाचार

किसी भी निर्वाचन के लिए मतदान दल सबसे महत्वपूर्ण इकाई होते है. मतदान दल दूरस्थ मतदान केन्द्रो. पर जाकर स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान को सम्पन कराने में अहम भूमिका का निर्वहन करते है.

मतदान दलों को यथोचित सम्मान और काम करने के लिए उत्तम वातावरण प्रदान करने हेतु आयोग द्वारा सदैव प्रोत्साहन दिया जाता है. सामान्यतः मतदान से एक दिवस पूर्व मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रदान कर मतदान केन्द्रो. के लिए रवाना किया जाता है. मतदान सामग्री वितरण की पर.परागत व्यवस्था अत्यधित दुरूह रही है, जिसमे. मतदान दलों को लाइन में लगाकर विभिन्न काउंटरों से मतदान सामग्री प्राप्त करना होती

है. मतदान दलों के रेण्डमाईजेशन ने इस प्रक्रिया को और अधिक कठिन बना दिया है. इस पर.परागत व्यवस्था में मतदान सामग्री प्राप्त करने और उसका मिलान करने में घण्टों लग जाते है और दोपहर 12 बजे के बाद ही मतदान दल गंतव्य की ओर रवाना हो पाते है. वरिष्ठ पदों पर कार्यरत मतदान कर्मियो. के लिए लाइन में लगने का अनुभव अपमानजनक भी होता है.

आयोग के प्रोत्साहन पर मध्यप्रदेश में कई जिलों में मतदान सामग्री वितरण एवं प्राप्ति व्यवस्था में नवाचार किया गया. बदली हुई व्यवस्था में मतदान दलों के बैठने के लिए मतदान केन्द्र वार टेबल और कुर्सियां लगाई जाती है. यह व्यवस्था वैसी ही है, जैसी किसी भी परीक्षा केन्द्र में होती है, जिसमें रोल नम्बर के मान से परीक्षार्थियों को बैठाया जाता है. मतदान केन्द्र के लिए निर्धारित टेबल पर बैठने के लिए मतदान दल को सारी मतदान सामग्री टेबल पर ही उपलब्ध कराई जाती है. किसी भी सामग्री के लिए न तो उन्हें लाइन में लगना होता है ओर न ही अन्यत्र भटकना पड़ता है. मतदान सामग्री का मिलान होने के बाद रूट प्रभारी संबंधित मतदान दल को टेबल से उठाकर ले जाता है

और उन्हें निर्धारित बस में बैठाता है. मतदान सामग्री प्राप्ति के समय भी यही व्यवस्था रखी जाती है. वापसी के बाद मतदान दल निर्धारित टेबल पर जाकर बैठ जाते है और सारी सामग्री जांच कर टेबल से ही प्राप्त कर ली जाती है.

इस व्यवस्था ने मतदान कर्मियो. को लाइन में लगकर अपमान और कष्ट भोगने से मुक्ति दिला दी है. सामग्री वितरण और प्राप्ति का कार्य एक डेढ़ घण्टे की समयावधि में सम्पन्न हो जाता है. कुछ जिलों में मतदान दल के वापस लौटने पर उनका हार फूल पहनाकर स्वागत भी किया गया और उन्हें शीतल जल स्वल्पाहार भी उपलब्ध कराया गया. इस प्रकार नवाचार के कारण मतदान सामग्री वितरण एवं प्राप्ति की व्यवस्था ने एक उल्लासपूर्ण समारोह का स्वरूप ग्रहण कर लिया.

सामग्री वितरण
रिटर्निंग अधिकारी
मतदान केन्द्र बैठक व्यवस्था

****